# The Most Important Current Affairs December 2019

## हेमंत सोरेन बने झारखंड के 11 वें मुख्यमंत्री

- झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता हेमंत सोरेन ने झारखंड के 11 वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की। झारखंड की राज्यपाल द्रोपदी मुर्मू ने सोरेन को वरिष्ठ राजनीतिक नेताओं और अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों की उपस्थिति में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई है।
- झारखंड के मुख्यमंत्री के रूप में JMM के 44 वर्षीय नेता का यह दूसरा कार्यकाल होगा। हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में, JMM, कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (RJD) के गठबंधन ने प्रदेश में भाजपा को हराकर 81 सदस्यीय वाले सदन में  से 47 सीटें जीतीं।

## FSI ने "भारत में वन क्षेत्र की स्थिति रिपोर्ट 2019" की जारी

- केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री ने नई दिल्ली में द्विवार्षिक "भारत में वन क्षेत्र की स्थिति रिपोर्ट **2019**" जारी की। रिपोर्ट में वन क्षेत्र, वृक्षावरण, मैंग्रोव क्षेत्र, वन क्षेत्रों के अंदर और बाहर बढ़ते स्टॉक, भारत के वनों में उत्सर्जित कार्बन, वन प्रकार और जैव विविधता, फॉरेस्ट फायर मॉनिटरिंग और विभिन्न ढलानों और ऊंचाई पर वन क्षेत्र की जानकारी दी गई है।
- रिपोर्ट को भारतीय वन सर्वेक्षण (**FSI**) द्वारा प्रकाशित किया जाता है। **FSI** की स्थापना देश के वन और वृक्ष संसाधनों का आकलन करने के लिए की गई है, जिसमें दो साल के अंतराल पर आईएसएफआर रिपोर्ट प्रकाशित करता है। यह भारत में वन क्षेत्र की स्थिति रिपोर्ट का **16** वां संस्करण है। **2017** के आकलन की तुलना में देश के हरित क्षेत्र में **5,188** वर्ग किमी की बढ़ोतरी हुई है जिसमें वन क्षेत्र और वन से इतर वृक्षों से आच्छादित हरित क्षेत्र भी शामिल है।।

**रिपोर्ट के कुछ मुख्य बिंदु:**

- देश का कुल वन और वृक्षावरण **80.73** मिलियन हेक्टेयर है। जो देश के कुल क्षेत्रफल का **24.56** प्रतिशत है।
- पिछले **4** वर्षों में वन और वृक्षावरण में **130** मिलियन हेक्टेयर से अधिक की बढ़ोतरी हुई है।
- क्षेत्र की दृष्टि से मध्य प्रदेश में देश का सबसे बड़ा वन क्षेत्र है।
- कुल भौगोलिक क्षेत्र के प्रतिशत के रूप में वन आवरण के संदर्भ में, शीर्ष पांच राज्य मिजोरम (**85.41%**), अरुणाचल प्रदेश (**79.63%**), मेघालय (**76.33%**), मणिपुर (**75.46%**) और नागालैंड (**75.31%**) हैं।
- आईएसएफआर **2017** की तुलना में, वन कवर में वृद्धि **3,976** वर्ग किमी की देखी गई है और जो वृक्षावरण में **2-212** वर्ग किमी है।
- वन आवरण में वृद्धि करने वाले शीर्ष तीन राज्य कर्नाटक (**1,025** वर्ग किमी) हैं, इसके बाद आंध्र प्रदेश (**990** वर्ग किमी) और केरल (**823** वर्ग किलोमीटर) हैं।
- **ISFR 2019** रिपोर्ट में मैंग्रोव कवर को अलग से दिखाया गया है और देश में कुल मैंग्रोव कवर **4,975** वर्ग किमी है, जिसमें **2017** की तुलना में **54** वर्ग किलोमीटर की वृद्धि हुई है। मैंग्रोव वृद्धि को दिखाने वाले शीर्ष तीन राज्य गुजरात (**37** वर्ग किमी) महाराष्ट्र (**16** वर्ग किमी) और ओडिशा (**8** वर्ग किमी) हैं।
- देश के बाँस वहन क्षेत्र में **0.32** मिलियन हेक्टेयर की वृद्धि दर्शाते हुए **16** मिलियन हेक्टेयर अनुमानित की गई है।
- देश में कुल उत्सर्जित कार्बन **7,124.6** मिलियन टन अनुमानित है और देश के उत्सर्जित कार्बन में **2017** के पिछले आकलन के मुकाबले **42.6** करोड़ टन की वृद्धि हुई।
- देश के रिकॉर्डेड फॉरेस्ट एरिया (**RFA**) / ग्रीन वॉश (**GW**) के भीतर **3.8%** क्षेत्र में **62,466** आर्द्र भूमि (वेटलैंड्स) हैं।

## जनरल बिपिन रावत होंगे देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ

- भारतीय थल सेना प्रमुख जनरल बिपिन रावत को देश का पहला चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) चुना गया है। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ एक 4-स्टार जनरल पद होगा, जो रक्षा मंत्री का प्रमुख सैन्य सलाहकार होगा, और सैन्य मामलों के नए विभाग का मुखिया होगा।
- चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ प्रशिक्षण, रसद और तीनों सेनाओं की खरीद में संयुक्तता सुनिश्चित करेगा।
- जनरल रावत, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ का पद संभालने वाले पहले अधिकारी होंगे।
- रक्षा मंत्रालय ने एक नया क्लॉज लाकर थल सेना, वायु सेना और नौसेना के नियमों में भी संशोधन किया था, जो सीडीएस को अधिकतम 65 वर्ष तक की सेवा करने की अनुमति देता है। सीडीएस तीनों सेनाओं का मार्ग प्रशासित करेगा, लेकिन उनकी कमान उस सेवा के प्रमुख के पास होगी, जो प्रमुख के पद पर तैनात है।

## RBI ने मौद्रिक नीति बैठक में रेपो दर अपरिवर्तित रखने का किया फैसला

- भारतीय रिजर्व बैंक ने पांचवी द्वि-मासिक मौद्रिक नीति समिति की बैठक में रेपो दर 5.15% में कोई बदलाव नहीं करने निर्णय किया है। इसके अलावा बैठक में विकास को सुचारू करने के लिए मौद्रिक नीति के आक्रामक रुख को बनाए रखने का भी फैसला किया है, ताकि लक्षित मुद्रास्फीति के नियंत्रण को सुनिश्चित किया जा सके। पांचवीं द्वि-मासिक मौद्रिक नीति समिति की बैठक में लिए गए कुछ मुख्य निर्णय हैं:-
- चलनिधि समायोजन सुविधा (LAF) के तहत रेपो दर 5.15% तक अपरिवर्तित रखी गई।
- LAF के तहत रिवर्स रेपो दर में भी कोई बदलाव नहीं किया यानी - 4.90% ही रहेगी
- सीमांत स्थायी सुविधा (MSF) दर और बैंक दर में भी कोई बदलाव नहीं किया यानी - 5.40% ही रहेगी

## RBI ने "निजी क्षेत्र में SFB के लाइसेंस के लिए जारी किए दिशा-निर्देश"

- भारतीय रिज़र्व बैंक ने निजी क्षेत्र में छोटे वित्त बैंकों के 'ओन टैप' लाइसेंस के लिए दिशा-निर्देश जारी किए।
- इस लाइसेंस के लिए केवल 5 साल का संचालन पुरे करने बाद ही इच्छुक भुगतान बैंक स्वयं को छोटे वित्त बैंकों (एसएफबी) में बदलने के लिए आवेदन कर सकते हैं।
- पांच साल के संचालन को पूरा करने वाले मौजूदा भुगतान बैंक (पीबी) भी विभिन्न प्राधिकरणों की सभी कानूनी और विनियामक आवश्यकताओं के अनुपालन के बाद छोटे वित्त बैंकों में रूपांतरण के लिए पात्र हैं, यदि वे इन दिशानिर्देशों के अनुरुप हैं।
- लाइसेंस विंडो ओन टैप व्यवस्था पर शुरू होगी। प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंकों (यूसीबी) को बदलने के लिए न्यूनतम पूंजी 200 करोड़ रखी गई है, निवल मूल्य की प्रारंभिक अनिवार्यता 100 करोड़ होगी, जिसमे कारोबार शुरू होने की तारीख से पांच साल के भीतर ₹ 200 करोड़ तक बढ़ाना होगा।
- एसएफबी को परिचालन शुरू करने के साथ ही बैंक का दर्जा दिया जाएगा।

## 16 दिसम्बर से मिलेगी 24x7 लेनदेन की सुविधा

- भारतीय रिज़र्व बैंक ने डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए घोषणा की कि नेशनल इलैक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर (NEFT) प्रणाली के अंतर्गत 16 दिसम्बर से अवकाश सहित वर्ष के सभी दिनों में चौबीसों घंटे लेन देन की अनुमति दी जाएगी।
- बैंकों द्वारा इन लेने देन की सुविधा 'स्ट्रेटिंग थ्रू प्रोसेसिंग (STP)' के माध्यम से शुरु की गई।
- मौजूदा लाभार्थी के खाते में जमा या मूल बैंक के निपटान के 2 घंटे के भीतर लेनदेन वापस करने का नियम भी जारी रहेगा।
- रिज़र्व बैंक ने सदस्य बैंकों को भी अपने ग्राहकों को निर्बाध NEFT 24x7 सुविधा प्रदान करने के लिए जरुरी अवसंरचनात्मक आवश्यकताओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने की कार्रवाई शुरू करने की सलाह दी है।

## हज प्रक्रिया को डिजिटल बनाने वाला पहला देश बना भारत

- भारत हज पर जाने वाले यात्रियों की पूरी प्रक्रिया को पूर्ण रूप से डिजिटल बनाने वाला पहला देश बन गया है।
- भारत से मक्का-मदीना जाने वाले दो लाख हज यात्रियों को अगले साल आवेदन, ई-वीजा, हज पोर्टल, हज मोबाइल ऐप, "ई-मसीहा" स्वास्थ्य सुविधा, मक्का-मदीना में ठहरने वाले भवन और यातायात की जानकारी, भारत में ही देने वाली "ई-लगेज टैगिंग" व्यवस्था से जोड़ा जाएगा।
- केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने हज 2020 के लिए सऊदी अरब के साथ द्विपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए।

## सरकार ने राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान का किया शुभारंभ

- केन्द्र सरकार ने आठ बीमारियों से बचाव के लिए देश भर में सघन टीकाकरण अभियान मिशन इन्द्रधनुष के दूसरे चरण का शुभारंभ किया।
- सरकार की इस प्रमुख योजना का उद्देश्य 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों और गर्भवती महिलाओं को 8 रोगों से बचाने के लिए टीकाकरण करना है।
- मिशन इन्द्रधनुष में, डिफ्थिरिया, काली खांसी, टिटनेस, पोलियो, टीबी, खसरा, मेनिनजाइटिस और हेपेटाइटिस-बी जैसे टीके लगाना शामिल। साथ ही चुने गये क्षेत्रों में इनसेफेलाइटिस और इन्फ़्लुएन्ज़ा से बचाव के टीके भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं।
- मिशन इन्द्रधनुष 2.0 चरण का लक्ष्य 27 राज्यों के 272 जिलों का पूर्ण टीकाकरण करना हैं। IMI 2.0 कार्यक्रम दिसंबर 2019 से मार्च 2020 के बीच चलाया जाएगा।

## उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने भारतीय पोषण एंथम किया अनावरण

- उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने नई दिल्ली में 'भारतीय पोषण एंथम' का शुभारंभ किया।
- इसका लक्ष्य भारत को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए इस एंथम को देश के कोनों-कोनो तक ले जाना है।
- एंथम की अवधारणा केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्रालय (MoWCD) द्वारा तैयार की गई है, जिसे प्रसिद्ध गीतकार प्रसून जोशी ने लिखा हैं और शंकर महादेवन ने गाया हैं।

## भारत जलवायु प्रदर्शन सूचकांक में पहली बार शीर्ष 10 में हुआ शामिल

- स्पेन की राजधानी मैड्रिड में **COP25** जलवायु शिखर सम्मेलन में भारत इस वर्ष के जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक (**CCPI**) की दृष्टि से पहली बार शीर्ष **10** में शामिल है**. सूचकांक को संयुक्त रूप से जर्मनवाच, न्यूक्लाइमेट इंस्टीट्यूट और क्लाइमेट एक्शन नेटवर्क द्वारा प्रस्तुत किया गया है.**
- रिपोर्ट के लेखकों ने नोट किया कि रैंकिंग के पहले तीन स्थान **निर्लिप्त** हैं**.**
- हालांकि यूरोपीय संघ के स्वीडन और डेनमार्क जैसे देश चौथे और पांचवें स्थान पर हैं लेकिन समग्र रेटिंग के लिहाज से यूरोपीय संघ के देशों के निष्पादन में व्यापक अंतर पाया गया है.
- जी-**20** के केवल दो देश उच्च श्रेणी में हैं जिनमें ब्रिटेन **7**वें और भारत **9**वें स्थान पर है, जी-**20** के आठ देश सूचकांक की सबसे खराब श्रेणी में शेष हैं**.**
- ऑस्ट्रेलिया 61वें और सऊदी अरब 56वें स्थान पर हैं.
- चीन ने सूचकांक में अपनी रैंकिंग में मामूली सुधार कर **30**वां स्थान हासिल किया है**.**

## मानव विकास सूचकांक 2019 में भारत को मिला 129 वां स्थान

- मानव विकास सूचकांक, मानव विकास के 3 मूल मापदंडो अर्थात जीवन प्रत्याशा, शिक्षा और प्रति व्यक्ति आय के आधार पर देशों की औसत उपलब्धि को मापता है. सूचकांक संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) द्वारा जारी किया गया है.
- मानव विकास सूचकांक 2019 में भारत को 189 देशों में से 129वाँ स्थान पर रखा गया है.
- इस सूचकांक में भारत को पिछले वर्ष 130वें स्थान पर रखा गया था। सूचकांक में नॉर्वे, स्विट्जरलैंड और आयरलैंड शीर्ष तीन स्थानों पर काबिज हैं.
- रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिण एशिया 1990-2018 तक 46% की वृद्धि के साथ मानव विकास में प्रगति करने में सबसे तेजी से बढ़ने वाला क्षेत्र हैं, जिसके बाद पूर्वी एशिया और प्रशांत 43% पर हैं.

**भारत से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्य:-**

- भारत का **HDI** मान 0.431 से बढ़कर 0.647 हो गया, जो मध्यम मानव विकास समूह के देशों के लिए तय किए गए औसत (0.634) से अधिक हैं और जो अन्य दक्षिण एशियाई देशों (0.642) के औसत से भी अधिक है.
- भारत पिछले 30 वर्षों में असमानता-समायोजित (**IHDI**) में आई लगभग आधी प्रगति (0.647 से 0.477) से गिरते हुए 130 वें स्थान पर आ गया हैं.
- **IHDI** असमानताओं के कारण **HDI** में प्रतिशत हानि का संकेतक है। भारत लिंग असमानता सूचकांक (**GII**) में 162 देशों में 122वें स्थान पर है.

## इसरो पृथ्वी निगरानी उपग्रह RISAT-2BR1 का करेगा प्रक्षेपण

- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन अपने पृथ्वी निगरानी उपग्रह **RISAT-2BR1** को **PSLV-C48** यान से सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र, श्रीहरिकोटा के पहले लॉन्च पैड (**FLP**) से प्रक्षेपित करेगा.
- **RISAT-2BR1**, एक रडार इमेजिंग पृथ्वी निगरानी उपग्रह है जिसका वजन लगभग **628** किलोग्राम है, इसे **37** डिग्री के झुकाव पर **576** किमी की कक्षा में भेजा जाएगा.
- **PSLV-C48, PSLV** का **50**वां मिशन है, जिसके जरिए इस्राइल, इटली, जापान और अमेरिका के **9** उपग्रहों को भी प्रक्षेपित किया जाएगा.
- इन अंतरराष्ट्रीय उपग्रहों को न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड के साथ वाणिज्यिक व्यवस्था के तहत लॉन्च किया जा रहा है.

## टाइम ने ग्रेटा थनबर्ग को चुना 2019 का पर्सन ऑफ द ईयर

- स्वीडन की ग्रेटा थनबर्ग को टाइम मैगज़ीन ने **2019** का पर्सन ऑफ द ईयर घोषित किया गया है. ग्रेटा थनबर्ग स्वीडिश छात्रा हैं जिन्होंने जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर अपनी बातों से दुनियाभर के लोगो को प्रेरित किया और अपनी **"#FridaysForFuture"** मुहिम के लिए लोकप्रिय हुई थी। वह **1927** से शुरू हुए टाइम मैगज़ीन पुरस्कार के लिए नामित होने वाली सबसे कम उम्र की व्यक्ति हैं. टाइम ने सभी महत्वपूर्ण विषयों के लिए पर्सन ऑफ द ईयर चुने जाने का भी विस्तार किया है। टाइम ने पहली बार विभिन्न क्षेत्रों के सबसे प्रभावशाली व्यक्ति को नामित किया है-

| क्र.सं | नाम | पेशा | श्रेणी |
|---|---|---|---|
| **1** | ग्रेटा थनबर्ग | जलवायु परिवर्तन कार्यकर्ता | पर्सन ऑफ द ईयर |
| **2** | बॉब इगर | वॉल्ट डिज़्नी कंपनी के अध्यक्ष और सीईओ | बिज़नेसपर्सन ऑफ द ईयर |
| **3** | पब्लिक सर्वेंट | अमेरिका के संघीय कार्यकर्ता | गार्डियन ऑफ द ईयर |
| **4** | संयुक्त राज्य अमेरिका की महिला राष्ट्रीय फुटबॉल टीम | महिला फ़ुटबॉलर | एथलीट ऑफ द ईयर |
| **5** | मेलिसा जेफरसन (लिज़ो) | सिंगर | एंटरटेनर ऑफ द ईयर |

## फोर्ब्स ने जारी की 'दुनिया की 100 सबसे शक्तिशाली महिलाओं' की सूची

- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को फोर्ब्स की 'विश्व की सबसे शक्तिशाली सौ महिलाओं' की सूची में **34**वां स्थान दिया गया है। इनके अलावा **HCL** कॉर्पोरेशन की **CEO** और कार्यकारी निदेशक रोशनी नादर मल्होत्रा और बायोकॉन की संस्थापक किरण मजुमदार शॉं को भी इस सूची में स्थान दिया गया हैं.
- फोर्ब्स द्वारा **2019** की विश्व की सबसे शक्तिशाली सौ महिलाओं की सूची में जर्मन चांसलर एंजेला मर्केल ने शीर्ष स्थान पर कब्ज़ा किया है, जिनके बाद दूसरे स्थान पर यूरोपीय सेंट्रल बैंक की अध्यक्ष क्रिस्टिन लैगार्डे और तीसरे स्थान पर यूएस हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स की अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी हैं। इस सूची में बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना को **29**वें स्थान पर रखा गया हैं.

| क्र.सं. | नाम | देश |
|---|---|---|
| **1** | एंजेला मर्केल | जर्मनी |
| **2** | क्रिस्टिन लैगार्डे | फ्रांस |
| **3** | नैन्सी पेलोसी | अमेरिका |
| **4** | उर्सुला वॉन डेर लेन | बेल्जियम |
| **5** | मैरी बारा | अमेरिका |
| **6** | मेलिंडा गेट्स | अमेरिका |
| **7** | अबीगैल जॉनसन | अमेरिका |
| **8** | एना बॉटिन | स्पेन |
| **9** | गिनी रोमेटी | अमेरिका |
| **10** | मार्लिन ह्युसन | अमेरिका |
| **34** | **निर्मला सीतारमण** | **भारत** |
| **54** | **रोशनी नादर मल्होत्रा** | **भारत** |
| **65** | **किरण मजुमदार शॉं** | **भारत** |
| **100** | ग्रेटा थनबर्ग | स्वीडन |

## साहित्य अकादमी ने 2019 के साहित्य अकादमी पुरस्कारों की कि घोषणा

- साहित्य अकादमी ने **23** भाषाओं में अपने वार्षिक साहित्य अकादमी पुरस्कारों की घोषणा की।कविता की सात पुस्तकों, चार उपन्यासों, छह लघु कथाओं, तीन निबंधों और एक-एक गैर-काल्पनिक उपन्यास, आत्मकथा और जीवनी को साहित्य अकादमी पुरस्कार **2019** मिला है। इस वर्ष के नेपाली भाषा के पुरस्कार की घोषणा बाद में की जाएगी.

**सभी भाषाओं और शैली श्रेणियों के विजेताओं की पूरी सूची नीचे तालिका में दी गई है।**

| S.No | भाषा | शीर्षक और शैली | लेखक |
|---|---|---|---|
| 1 | असमिया | चाणक्य (उपन्यास) | डॉ जयश्री गोस्वामी महंत |
| 2 | बंगाली | घुमेर दरजा थेले (निबंध) | चिन्मय गुहा |
| 3 | बोडो | आखाइ आथुमनिफ्राय (कविता ) | फूकन चौधरी बसुमतारी |
| 4 | डोगरी | बंदरालता दर्पण (निबंध) | ओम शर्मा जंदरीयारी |
| 5 | अंग्रेजी | An Era of Darkness (गैर काल्पनिक कथा) | शशि थरूर |
| 6 | गुजराती | मोजमा रेवुं रे (निबंध) | रतिलाल बोरिससागर |
| 7 | हिंदी | छीलते हुए अपने को (कविता ) | नंद किशोर आचार्य |
| 8 | कन्नड़ | कुड़ी एसारू (आत्मकथा ) | विजया |
| 9 | कश्मीरी | अख़ याद अख़ कयामत (लघु कथा) | अब्दुल अहद हज़िनी |
| 10 | कोंकणी | The Words (कविता ) | नीलबा ए. खांडेकर |
| 11 | मैथिली | जिनगीक ओरिआओन करैत (कविता ) | कुमार मनीष अरविंद |
| 12 | मलयालम | अचन पिरन्ना वीदु (कविता ) | वी मधुसूदनन नायर |
| 13 | मणिपुरी | ई अमादी अदुनगीगी ईठत (उपन्यास) | एल. बीरमंगल सिंह (बेरिल थंगा) |
| 14 | मराठी | कदाचित अजूनही (कविता ) | अनुराधा पाटिल |
| 15 | ओडिया | भास्वती (लघु कथा) | तरुण कांति मिश्रा |
| 16 | पंजाबी | अंतहीन (लघु कथा) | कृपाल कजाक |
| 17 | राजस्थानी | बारीक बात (लघु कथा) | रामस्वरूप किसान |
| 18 | संस्कृत | प्रज्ञाचाक्षुषम् (कविता) | पन्ना मधुसूदन |
| 19 | संथाली | सिसिरजली (लघु कथा) | काली चरण हेम्ब्रम |
| 20 | सिंधी | जीजल (लघु कथा) | ईश्वर मुरजानी |
| 21 | तमिल | सूल (उपन्यास) | चौधरी धर्मन |
| 22 | तेलुगु | सेप्ताभूमि (उपन्यास) | बंदी नारायण स्वामी |
| 23 | उर्दू | सवनेह-सर सैयद : एक बाज़दीद (जीवनी ) | शफी किदवई |

- पुरस्कार के रूप में तांबे की पट्टिका, एक शॉल और एक लाख रूपया नकद राशि दी जाएगी। ये पुरस्कार साहित्य अकादमी द्वारा आयोजित साहित्य उत्सव के दौरान 25 फरवरी 2020 को नई दिल्ली में एक विशेष समारोह में इन पुस्तकों के लेखकों को प्रदान किया जाएगा.

## RBI ने 10 हजार करोड़ रुपये के बॉन्ड खरीदने और बेचने का किया फैसला

- भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने विशेष ओपन मार्केट ऑपरेशन (OMO) के तहत 10,000 करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों की खरीदने और बेचने का निर्णय लिया हैं।
- रिज़र्व बैंक ने मार्केट में वर्तमान की लिक्विडिटी और स्थिति की समीक्षा और वित्तीय परिस्थितियों का आकलन करके 23 दिसंबर, 2019 को सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद और बिक्री करने का निर्णय लिया है।
- यह बिक्री सहायक पूंजी '6.45 प्रतिशत जीएस 2029' के लिए 10,000 करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों के लिए होगा।
- रिज़र्व बैंक को प्रतिभूतियों की खरीद / बिक्री की मात्रा तय करने और कुल राशि से कम की बोली / प्रस्ताव स्वीकार करने का अधिकार प्राप्त है।

## विजय दिवस: 16 दिसंबर

- प्रत्येक वर्ष 16 दिसंबर को 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की विजय को याद करने के लिए विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है।
- भारत-पाकिस्तान के बीच 3 दिसंबर को शुरू हुआ 1971 का युद्ध 13 दिनों तक चला और 16 दिसंबर को पाकिस्तान द्वारा आत्मसमर्पण करने के बाद इसकी समाप्ति की आधिकारिक घोषणा की गई।
- इस दिन 1971 को पाकिस्तानी सेना के प्रमुख जनरल ए ए खान नियाजी ने 93 हजार सैनिकों के साथ भारतीय सेना और मुक्ति वाहिनी के समक्ष बिना शर्त समर्पण किया था।
- इस युद्ध के बाद पूर्वी पाकिस्तान अलग होकर बांग्लादेश बना था।

## लेफ्टिनेंट जनरल मनोज मुकुंद नरवणे होंगे भारत के अगले सेना प्रमुख

- लेफ्टिनेंट जनरल मनोज मुकुंद नरवणे भारत के अगले थल सेनाध्यक्ष होंगे।
- वर्तमान में वह उप-सेनाध्यक्ष के पद पर कार्यत हैं। लेफ्टिनेंट जनरल नरवाणे जनरल बिपिन रावत का स्थान लेंगे, जो इस महीने की 31 तारीख को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।
- लगभग 40 साल के शानदार सैन्य सेवाकाल के दौरान उन्होंने पूर्वोत्तर क्षेत्र और जम्मू-कश्मीर में अत्यधिक आतंकवाद रोधी सक्रिय इलाको के अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- लेफ्टिनेंट जनरल नरवाणे ऑपरेशन पवन के दौरान श्रीलंका में भारतीय शांति रक्षक बल का हिस्सा थे।
- जम्मू-कश्मीर में अपनी बटालियन के कुशल नेतृत्व के लिए उन्हें विशिष्ट सेना पदक से सम्मानित किया गया है।
- उत्कृष्ट सेवाओं के लिए उन्हें विशिष्ट सेवा पदक, अति विशिष्ट सेवा पदक और परम विशिष्ट सेवा पदक से भी अलंकृत किया जा चुका है।

## WEF की ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट में भारत 112 वें स्थान पर खिसका

- ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट **2020** के अनुसार भारत वैश्विक स्तर पर **112** वें स्थान पर फिसल गया है। यह रिपोर्ट वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम **(WEF)** द्वारा जारी की गई थी जिसका मुख्यालय जिनेवा में था.
- आइसलैंड ने रिपोर्ट में सबसे ऊपर है और दुनिया का सबसे लिंग-तटस्थ देश बना हुआ है, जबकि यमन रिपोर्ट में सबसे खराब **(153** वें) स्थान पर था। रिपोर्ट के अनुसार, सबसे बेहतर देश अल्बानिया, इथियोपिया, माली, मैक्सिको और स्पेन थे.
- क्षेत्रों में, पश्चिमी यूरोप ने लैंगिक समानता पर सबसे अधिक प्रगति की है (76.7% पर).

**WEF** के ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट की अंतर्दृष्टि**:**

- ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2020 ने 4 आयामों में लैंगिक समानता की दिशा में उनकी प्रगति पर 153 देशों का आकलन किया है:
- आर्थिक भागीदारी और अवसर
- शैक्षिक प्राप्ति
- स्वास्थ्य और जीवन रक्षा
- राजनीतिक अधिकारिता
- रिपोर्ट भविष्य के व्यवसायों में लिंग अंतर की संभावनाओं की भी जांच करती है।

**विश्व दृष्टिकोण से:**

- राजनीतिक प्रतिनिधित्व: रिपोर्ट के अनुसार, राजनीतिक प्रतिनिधित्व में लिंग अंतर को बंद करने के लिए 95 साल लगेंगे, 2019 में महिलाओं के पास 25.2% संसदीय (निचले-सदन) सीटें और 21.2% मंत्री पद होंगे.
- लेबर मार्केट: केवल 55% महिलाएं (15-64 वर्ष की आयु के) 78% पुरुषों के विपरीत श्रम बाजार में लगी हुई हैं.
- आर्थिक भागीदारी और अवसर: इस आयाम में, प्रगति ने बिगड़ी हुई स्थिति के साथ लिंग समानता को कम 57.8% के लिए मजबूर कर दिया है, जो समय में लिंग समानता को प्राप्त करने से पहले 257 साल का एक विशाल प्रतिनिधित्व करता है.
- भारत के दृष्टिकोण से**:**
- 0.668 के स्कोर के साथ, भारत को WEF के ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2020 में 112 वाँ स्थान दिया गया है.

**विभिन्न आयामों में भारत की रैंकिंग:**

- आर्थिक भागीदारी और अवसर के मामले में, भारत को WEF के ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2020 में 0.354 के स्कोर के साथ 149 वाँ स्थान दिया गया है.
- शैक्षिक प्राप्ति के संदर्भ में, भारत को WEF के ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2020 में 0.962 के स्कोर के साथ 112 वाँ स्थान दिया गया है.
- स्वास्थ्य और अस्तित्व के संदर्भ में, भारत को WEF के ग्लोबल जेंडर गैप प्रोग्राम 2020 में 0.944 के स्कोर के साथ 150 वें स्थान पर रखा गया है.
- राजनीतिक सशक्तीकरण के संदर्भ में, भारत को WEF की ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2020 में 0.411 के स्कोर के साथ 18 वाँ स्थान दिया गया है.
- दुनिया भर में, इस वर्ष के सूचकांक में उन क्षेत्रों पर प्रकाश डाला गया है जहां नीति निर्माताओं को अधिक ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। संघीय स्तर पर, अधिक से अधिक राजनीतिक प्रतिनिधित्व और कुछ राष्ट्रों में, महिलाओं के लिए किसी भी प्रतिनिधित्व को एक दबाव की आवश्यकता है. नीति निर्माताओं को भविष्य की नौकरियों की दुनिया में सफल होने के लिए विशेष रूप से विकासशील देशों में युवा पीढ़ी को बेहतर ढंग से सुसज्जित करने के लिए कार्रवाई करने की आवश्यकता है.

## RBI ने NEFT, RTGS पर लगने वाला शुल्क किया माफ

- भारतीय रिजर्व बैंक **(RBI)** ने बचत खाता धारकों के लिए **NEFT, RTGS** हस्तांतरण शुल्क माफ करने की घोषणा की हैं.
- आरबीआई ने एक आदेश में सभी बैंकों को ऑनलाइन NEFT और RTGS पर लगने वाले शुल्क को सभी बचत खाताधारकों के लिए नि: शुल्क करने का निर्देश दिया हैं.
- नया नियम 1 जनवरी, 2020 से लागू होगा.

## GST परिषद ने लॉटरी पर 28% की समान कर दर की निर्धारित

- वस्तु और सेवा कर यानी GST परिषद ने सरकारी और निजी दोनों तरह की लॉटरी पर 28 प्रतिशत की समान कर दर तय की है.
- साथ ही परिषद ने बुने और गैर बुने थैलों पर GST दर को तर्कसंगत बनाते हुये इसे 18 प्रतिशत करने का भी निर्णय लिया है.
- यह पहला मौका था जब परिषद को सरकारी तथा निजी लॉटरियों पर समान दर रखने के मुद्दे पर वोट से फैसला करना पड़ा.
- जीएसटी परिषद ने केंद्र या राज्य सरकार के 20% या अधिक स्वामित्व वाली इकाई द्वारा औद्योगिक और वित्तीय संरचना संबंधी भूखण्डों की अग्रिम भुगतान की जाने वाली लम्बी अवधि की लीज़ राशि में भी छूट देने का निर्णय किया है.

## भारत और अमेरिका ने रक्षा तकनीकी साझा करने के समझौते पर किए हस्ताक्षर

- भारत और अमेरिका ने रक्षा तकनीक साझा करने के लिए औद्योगिक सुरक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।
- वाशिंगटन डीसी में आयोजित **2+2** वार्ता के दौरान, दुनिया के सबसे बड़े और सबसे शक्तिशाली लोकतंत्रों के बीच बढ़ते रणनीतिक संबंधों पर शीर्ष विदेशी मामलों और रक्षा विशेषज्ञों ने चर्चा की।
- अमेरिका हिंद प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा के भारत के दृष्टिकोण का सम्मान करता है।
- भारत ने पिछले एक दशक में अमेरिका से करीब 15 बिलियन डॉलर से अधिक के हथियारों की खरीद की हैं, क्योंकि भारत अपनी रूसी सैन्य निर्भरता को बदलना चाहता है इसलिए अमेरिका के साथ हेलीकॉप्टरों, सशस्त्र ड्रोन और अरबों रुपए के लड़ाकू विमानों का देश में बड़े पैमाने पर उत्पादन करने की योजना पर चर्चा कर रहा हैं।

## एचडीएफसी बैंक ने 100 बिलियन डॉलर बाजार पूंजी का आकड़ा किया पार

- एचडीएफसी बैंक बाजार पूंजी के मामले में सौ बिलियन डॉलर का आंकड़ा पार करने वाली तीसरी भारतीय कंपनी बन गयी है.
- इसी के साथ एचडीएफसी बैंक सौ बिलियन पूंजी समूह में शामिल हो गया है जिमसे रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड 140.74 बिलियन डॉलर के मार्केट कैप के साथ और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS) 114.60 बिलियन डॉलर मार्केट कैप के साथ पहले ही शामिल है.
- इस उपलब्धि के साथ, एचडीएफसी बैंक अब दुनिया की सबसे अधिक पूंजी कंपनियों की सूची में 110 वें स्थान पर पहुँच गया है।
- एचडीएफसी बैंक दुनिया के सबसे प्रतिष्ट बैंकों और वित्तीय कंपनियों की सूची में जिनकी बाजार पूंजी 100 बिलियन डॉलर से अधिक हैं, उसमे 26 वें स्थान पर है।

## केंद्र सरकार ने अटल भुजल योजना का किया शुभारंभ

- प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने अटल भुजल योजना (अटल जल) आरम्भ की है जिसका उद्देश्य भूजल प्रबंधन में सुधार करना है। इस योजना को सहभागी भूजल प्रबंधन के लिए संस्थागत ढांचे को मजबूत करने के प्रमुख उद्देश्य के साथ डिजाइन किया गया है।
- इसका उद्देश्य सात राज्यों में स्थायी भूजल संसाधन प्रबंधन के लिए सामुदायिक स्तर पर व्यवहारगत बदलाव लाना है। इन सात राज्यों में गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और उत्तर प्रदेश शामिल हैं।
- यह योजना पंचायत की अगुवाई वाले भूजल प्रबंधन और व्यवहारगत बदलाव को बढ़ावा देगी.
- **5** वर्षों **(2020-21** से **2024-25)** की अवधि में क्रियान्वित किए जाने वाले **6,000** करोड़ रुपये के कुल परिव्यय में से, **50** प्रतिशत विश्व बैंक ऋण के रूप में होगा और उनका पुनर्भुगतान केन्द्र सरकार द्वारा किया जाएगा।
- शेष **50** प्रतिशत का भुगतान नियमित बजटीय समर्थन से केन्द्रीय सहायता द्वारा किया जाएगा। विश्व बैंक ऋण का समस्त घटक और केन्द्रीय सहायता राज्यों को अनुदान के रूप में दी जाएगी.

## नडाल और बार्टी को दिया जाएगा ITF का वर्ष 2019 वर्ल्ड चैंपियंस खिताब

- अंतर्राष्ट्रीय टेनिस महासंघ **(ITF)** ने एश्ले बार्टी और राफेल नडाल को वर्ष **2019** के विश्व चैंपियंस खिताब के लिए चुना हैं। ये पुरस्कार **2** जून को **2020** आईटीएफ विश्व चैंपियन कार्यक्रम में पेरिस में दिए जाएंगे।

| श्रेणी | विजेता |
|---|---|
| **पुरुष सिंगल** | राफेल नडाल (स्पेन) |
| **महिला सिंगल** | एश्ले बार्टी (ऑस्ट्रेलिया) |
| महिला डबल्स | टीमिया बाबोस (हंगरी) और क्रिस्टिना मलादेनोविक (फ्रांस) |
| पुरुष डबल्स | हुआन सेबास्तियन कबाल और रॉबर्ट फराह (कोलंबिया) |
| मेंस व्हीलचेयर | गुस्तावो फर्नांडीज (अर्जेंटीना) |
| विमेंस व्हीलचेयर | डिडे डे ग्रोट (नीदरलैंड्स) |
| क्वैड | डायलन अल्कॉट |

## केंद्र सरकार ने सुशासन सूचकांक किया जारी

- केंद्र सरकार ने सुशासन दिवस के अवसर पर "सुशासन सूचकांक" जारी किया। भारत के राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में शासन की स्थिति का आकलन करने के लिए "सुशासन सूचकांक" जारी किया गया.
- इसे जारी करने का मुख्य उद्देश्य सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में शासन की तुलना करने के लिए मात्रात्मक डेटा उपलब्ध कराना है, सुशासन सूचकांक शासन के स्तर को तय करता है और इसे बेहतर बनाने के संदर्भ उपलब्ध कराता है.

- सूचकांक को प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग एवं सुशासन केंद्र द्वारा तैयार किया गया हैं.
- सूचकांक दस क्षेत्रों को ध्यान में रखकर तैयार किया जाता है और इन दस क्षेत्रों को कुल **50** मापदंडो पर मापा जाता है। ये दस सेक्टर हैं:-कृषि और संबद्ध क्षेत्र, वाणिज्य और उद्योग, मानव संसाधन विकास, सार्वजनिक स्वास्थ्य, सार्वजनिक अवसंरचना और उपयोगिताएँ, आर्थिक शासन, समाज कल्याण और विकास, न्यायिक और सार्वजनिक सुरक्षा, वातावरण, नागरिको के अनुसार.
- राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को तीन समूहों में बांटा गया है:- बड़े राज्य, उत्तर-पूर्व और पहाड़ी राज्य, केंद्र शासित प्रदेश.

**सूचकांक के कुछ मुख्य परिणाम:**

- सुशासन सूचकांक में "बड़े राज्यों" में तमिलनाडु सबसे ऊपर है। खराब प्रदर्शन करने वाले राज्यों में ओडिशा, बिहार, गोवा और उत्तर प्रदेश हैं और झारखंड समूह में अंतिम स्थान पर हैं।
- "पूर्वोत्तर और पहाड़ी राज्यों" में, हिमाचल प्रदेश सूचकांक में सबसे ऊपर है, इसके बाद उत्तराखंड, त्रिपुरा, मिजोरम और सिक्किम हैं। इस समूह में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले जम्मू-कश्मीर, मणिपुर, मेघालय, नागालैंड हैं, अरुणाचल प्रदेश समूह में अंतिम स्थान पर है।
- "केंद्रशासित प्रदेशों" में, पुदुचेरी सूचकांक में सबसे ऊपर है। इसके बाद चंडीगढ़ और दिल्ली हैं और लक्ष्यदीप सबसे खराब प्रदर्शन करने वाला केंद्रशासित प्रदेशों है।

## आरबीआई ने पी2पी प्लेटफॉर्म की सीमा 50 लाख रुपये की निर्धारित

- भारतीय रिज़र्व बैंक ने सभी उधारकर्ताओं के लिए समकक्षीय उधार (पीयर-टू-पीयर लेंडिंग) प्लेटफॉर्म के लिए ऋणदाता की अनुमत सीमा को कम कर दिया है। कुल निवेश को **50** लाख रुपये निर्धारित किया गया है। यह कदम उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए उठाया गया है.
- पी2पी प्लेटफार्मों में **10** लाख रुपये से अधिक का निवेश करने वाले ऋणदाता को किसी भी पेशेवर चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा **50** लाख रुपये की निवल मालियत प्रमाणित करने वाला प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
- रिज़र्व बैंक ने यह भी कहा कि धन के हस्तांतरण के लिए बैंक द्वारा पदोन्नत ट्रस्टी द्वारा संचालित किए जाने वाले "निलंब खाता" को बैंक के साथ अनिवार्य रूप से बनाए रखा जाना चाहिए, जिन्होंने ट्रस्टी को पदोन्नत किया है। साथ ही यह भी अनिवार्य है कि बैंक खातों के माध्यम से किए जाने वाले सभी लेनदेन और नकद लेनदेन पूरी तरह से प्रतिबंधित हैं।

## कामारेड्डी जिले ने जीता 2019 का यूनिसेफ पुरस्कार

- तेलंगाना के कामारेड्डी जिले ने **2019** का संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय बाल एवं शिक्षा कोष (यूनिसेफ) पुरस्कार जीता है। इस जिले ने जल स्वच्छता और स्वच्छता क्षेत्रों में स्वच्छ भारत मिशन के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए पुरस्कार जीता है।
- सैनिटरी लैवेटर्स, स्वच्छ दर्पन दीवार पेंटिंग, स्वच्छ सर्वेक्षण, स्वच्छ संदर शौचालय और कई अन्य गतिविधियों के निर्माण में अन्य जिलों की तुलना में कामारेड्डी जिला देश में शीर्ष पर रहा।

## बैंकिंग और वित्तीय करेंट अफेयर्स

- कर्नाटक विकास ग्रामीण बैंक **(KVGB)** और केनरा, **HSBC,** ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स, लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने **bancassurance (KVGB** की शाखाओं के माध्यम से जीवन बीमा उत्पाद बेचने के लिए) के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए**.**
- एचडीएफसी ईआरजीओ की सामान्य बीमा कंपनी, भारत की निजी क्षेत्र की तीसरी सबसे बड़ी गैर-जीवन बीमा प्रदाता कंपनी है, जिसने महिलाओं के लिए विशेष रूप से डिजाइन की गई एक व्यापक चिकित्सा बीमा योजना "मेरी: स्वास्थ्य महिला सुरक्षा नीति" शुरू की है.
- रिजर्व बैंक द्वारा अमेरिका के फेडरल रिजर्व की तर्ज पर स्पेशल ओपन मार्केट ऑपरेशन "ऑपरेशन ट्विस्ट" की घोषणा के बाद भारत में **Google** पर इसकी खोज सबसे ज्यादा की गई। इस शब्द की सबसे ज्यादा खोज दिल्ली में और उसके बाद महाराष्ट्र में की गई। रिजर्व बैंक ने एक साथ बॉन्ड खरीदने और बेचने का फैसला किया है, इससे लंबे वक्त की ब्याज दरों के कम होने की उम्मीद है।.
- भारत सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के तीन बैंकों को नई पूंजी के रूप में 8,655 करोड़ रुपये देने की मंजूरी दे दी है। इस सूची में इलाहाबाद बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक (IOB) और UCO बैंक शामिल हैं। नई पूंजी के रूप में इलाहाबाद बैंक को 2,153 करोड़ रुपये, यूको बैंक को 2,142 करोड़ रुपये और इंडियन ओवरसीज बैंक (IOB) को 4,630 करोड़ रुपये शेयरों के अधिमान्य आवंटन के लिए आवंटित किए जाएंगे.
- भारतीय रिजर्व बैंक ने पेमेंट गटवे के रूप में काम करने वाले एक नए सेमी क्लोज्ड प्रीपेड पेमेंट इंस्ट्रूमेंट (PPI) लॉन्च किया है जिसका उपयोग दस हजार रुपये तक के मूल्य की वस्तुओं और सेवाओं के लेनदेन के लिए किया जा सकता हैं। यह सुविधा केवल एक बैंक खाते से जुड़ी होगी.
- भारतीय रिज़र्व बैंक ने बड़े सहकारी बैंकों को बड़े क्रेडिट पर सूचना के केंद्रीय भंडार (CRILC) को 5 करोड़ रुपये और अधिक के सभी एक्सपोज़र की रिपोर्ट करने का निर्देश दिया है. इस कदम का उद्देश्य वित्तीय संकट का जल्द पता लगाना है. कुल जोखिम में आंशिक ऋण वृद्धि जैसे सभी फंड-आधारित और गैर-फंड आधारित जोखिम शामिल होंगे, जिसमें उधारकर्ता पर निवेश जोखिम भी शामिल है. नए नियमों के अनुसार, शहरी सहकारी बैंकों को 31 दिसंबर, 2019 से तिमाही आधार पर CRILC रिपोर्ट प्रस्तुत करना आवश्यक है.
- केंद्रीय वित्त मंत्री ने घोषणा की है कि 1 जनवरी, 2020 से 50 करोड़ रुपये से अधिक वार्षिक राजस्व वाले व्यवसायों के लिए मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) शुल्क माफ कर दिया जाएगा.
- बीएसएनएल और एमटीएनएल के पुनरुद्धार योजना में तेजी लाने के लिए एक मंत्री समूह (जीओएम) का गठन किया गया है। राज्य के स्वामित्व वाले दूरसंचार निगमों बीएसएनएल और एमटीएनएल के लिए 69,000 करोड़ रुपये की पुनरुद्धार योजना के कार्यान्वयन को GoM तेजी से ट्रैक करेगा और उसकी देखरेख करेगा.

- केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (**CBIC**) ने बताया है कि निर्यातकों को एकीकृत वस्तु और सेवाकर (**IGST**) के तहत **1,12,000** करोड़ रुपये के रिफंड का भुगतान किया गया है।
- वित्त मंत्री ने ई-ऑक्शन मंच "**eBkray**" लॉन्च किया। यह मंच बैंकों द्वारा कुर्क की गई परिसंपत्तियों की ऑनलाइन नीलामी करने में सक्षम होगा। मंच सभी **PSB** की ई-नीलामी संपत्ति की जानकारी, संपत्ति को खोजने जैसी सुविधाए के लिंक प्रदान करेगा.
- एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस ने अपने सेवाओं का विस्तार करने के लिए पेटीएम के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी का उद्देश्य पेटीएम के ग्राहकों को एचडीएफसी लाइफ से बीमा उत्पाद खरीदने में सक्षम बनाना है।

## आर्थिक करेंट अफेयर्स

- विश्व बैंक समूह की इकाई इंटरनेशनल फाइनेंस कॉर्पोरेशन (IFC) ने महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (MMFSL) में 200 मिलियन डॉलर के निवेश के दौर की शुरुआत की है.
- एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक ने भारत में सिंचाई और सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए 210 मिलियन डॉलर के ऋण की घोषणा की है. बैंक पश्चिम बंगाल में सिंचाई सेवाओं में सुधार और बाढ़ जोखिम प्रबंधन को मजबूत करने के लिए $ 145 मिलियन और राजस्थान में 250 मेगावाट की सौर परियोजना के लिए $ 65 मिलियन का ऋण देगा.
- एशियन डेवलपमेंट बैंक (ADB) और भारत सरकार ने 490 मिलियन डॉलर के ऋण पर हस्ताक्षर किए हैं। मध्य प्रदेश राज्य में लगभग 1,600 किलोमीटर के राज्य राजमार्गों और जिलों की प्रमुख सड़कों का निर्माण करने के लिए हाइब्रिड-एन्युटी मॉडल (HAM) के माध्यम से सार्वजनिक-निजी भागीदारी (PPP) परियोजना के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए गए.
- भारत का एक्ज़िम बैंक (एक्सपोर्ट-इम्पोर्ट बैंक ऑफ़ इंडिया) पड़ोसी देश सहयोग के तहत बांग्लादेश को रक्षा-संबंधी उपकरण के लिए 500 मिलियन डॉलर (3561 करोड़ रुपये) का लाइन ऑफ क्रेडिट (LoC) प्रदान करेगा.
- केंद्र सरकार ने बताया कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, पीएमएमवाई के तहत 1 नवंबर 2019 तक 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक के ऋण स्वीकृत किए गए हैं.
- नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने 2029 में परिपक्व होने वाले 10 वर्षीय सरकारी बॉन्ड पर 7.26% और 6.45% की कूपन दर के साथ ब्याज दर विकल्प शुरू किए हैं.
- Xiaomi ने भारत में एंड्रॉइड फोन पर ऋण सुविधा देने के लिए"Mi Credit" सेवा लॉन्च की है। "Mi Credit" प्लेटफॉर्म के तहत कोई भी ग्राहक एक लाख रुपये तक का ऋण ले सकता हैं.
- एशियन डेवलपमेंट बैंक (ADB) ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के आर्थिक वृद्धि के अपने पूर्वानुमान को घटाकर 5.1% कर दिया है.
- भारत सरकार और एशियाई विकास बैंक (ADB) ने एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (EESL) के लिए $250 मिलियन के ऋण पर हस्ताक्षर किए हैं.

## व्यापार करेंट अफेयर्स

- इन्फोसिस ने तीन ब्लॉकचेन-संचालित वितरित अनुप्रयोगों की शुरूआत की घोषणा की है**.** आवेदन सरकारी सेवाओं, बीमा और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन डोमेन के लिए समर्पित होंगे.
- फ्रांसीसी कार निर्माता प्यूज़ो एसए और यूएस-इतालवी फिएट क्रिसलर ने दुनिया के चौथे सबसे बड़े ऑटोमेकर बनाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं.
- देश का विदेशी मुद्रा भंडार पहली बार बढ़कर 450 बिलियन डॉलर की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा हैं, जिसने केंद्रीय बैंक को बाजार से डॉलर खरीदने में सक्षम बनाया, जिससे रुपये की गिरावट में सुधार होने की उम्मीद हैं।
- एडलवाइस कैपिटल लिमिटेड (**ECL**) की सहयोगी कंपनी एडलवाइस एसेट मैनेजमेंट कंपनी (**AMC**) ने भारत में भारत बॉन्ड **ETF** नामक पहले कॉर्पोरेट बॉन्ड **ETF** (एक्सचेंज ट्रेड फंड) को लॉन्च किया है**.**

## संघ और राज्य सरकार द्वारा योजनाएँ / समितियाँ

- सरकार ने अगले साल मार्च तक प्रधानमंत्री श्रम योगी मंथन (पीएम-एसवाईएम) और नेशनल पेंशन स्कीम फॉर ट्रेडर्स एंड सेल्फ एम्प्लॉयड पर्सन्स (एनपीएस-ट्रेडर्स) के तहत एक करोड़ लाभार्थियों को भर्ती करने का अभियान शुरू किया है.
- पुडुचेरी सरकार ने एक नई स्टार्ट-अप नीति का शुभारंभ किया हैं। उद्योग मंत्री एम.ओ.एच.एफ. शाहजहाँ द्वारा शुरू की गई इस नीति का उद्देश्य इन्क्यूबेटरों स्टार्ट-अप की स्थापना करने में सहयोग करना और को-वर्किंग स्थानों को तैयार करने के लिए 10 करोड़ का कॉर्पस फंड जुटाना है।

## राज्य करेंट अफेयर्स

- सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वितीय विश्व युद्ध संग्रहालय, नागालैंड में किसमा में एक "मल्टी मीडिया प्रदर्शनी" का आयोजन कर रहा है**.**
- राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 01 दिसंबर 2019 को 57 वें राज्य दिवस पर नागालैंड के लोगों को शुभकामनाएं दीं**.**
- हॉर्नबिल फेस्टिवल के 20 वें संस्करण की शुरुआत नागालैंड के नागा हेरिटेज किस्मा में एक आधुनिक संस्कृति और परंपरा के रंगीन मिश्रण से हुई**.**
- डेनी पोलो कल्चरल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट और अरुणाचल प्रदेश के स्वदेशी विश्वास और सांस्कृतिक समाज ने **1** दिसंबर को 'स्वदेशी विश्वास दिवस' मनाया**.**
- उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में रक्षा उद्योग स्थापित करने के लिए **25** प्रतिशत सब्सिडी और **100** प्रतिशत स्टांप शुल्क माफी प्रदान करने का निर्णय लिया है.
- ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने 'मधु' ऐप लॉन्च किया है**.** यह एक ई-लर्निंग मोबाइल फोन एप्लिकेशन है जो स्कूल के छात्रों को बेहतर और सबसे कुशल तरीके से अपने विषयों को समझने में मदद करेगा. ऐप का नाम उत्कल गौरब मधुसूदन दास के नाम पर रखा गया है**.**

- केंद्रीय जल मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने स्वीडन के राजा कार्ल XVI गुस्ताफ और रानी सिल्विया की उपस्थिति में हरिद्वार के पास सराय गांव में 14 MLD सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (STP) का उद्घाटन किया.
- केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री ने मध्य प्रदेश के देवास में अवंती मेगा फूड पार्क का उद्घाटन किया**.**
- गुरूग्राम में महत्वाकांक्षी एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्र (ICCC) का उद्घाटन किया है। ICCC को स्मार्ट सिटी से संबंधित सभी प्रणालियों के ऑनलाइन डेटा को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिसमें सीसीटीवी-आधारित लोगो की सुरक्षा और बेहतर यातायात प्रबंधन प्रणाली, स्मार्ट पार्किंग प्रणाली, जल आपूर्ति प्रबंधन प्रणाली, प्रदूषण निगरानी, संपत्ति कर प्रबंधन प्रणाली और आस्ति प्रबंधन प्रणाली शामिल है.
- मानव पुस्तकालय कार्यक्रम मैसूरु, कर्नाटक में आयोजित किया जाएगा और विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और जातीय विविधताओं में अधिक मानवीय सामंजस्य उत्पन्न करेगा.
- ओडिसा में महिलाओं और बच्चों से संबंधित मामलों की सुनवाई तेजी से करने के लिए 45 नई फास्ट ट्रैक अदालतें बनाई जाएंगी। इनमे 21 अदालतें महिलाओं के यौन उत्पीड़न और दुष्कर्म के मामलों की सुनवाई करेंगी। जबकि शेष 24 फास्ट ट्रैक अदालतें बच्चों के प्रति यौन अपराधों के मामलों से संबद्ध होगी।
- आंध्र प्रदेश मंत्रिमंडल ने बलात्कार और सामूहिक-बलात्कार जैसे जघन्य अपराध करने वालों के लिए मृत्यु दंड देने और 21 दिनों में ऐसे मामलों का ट्रायल पूरा कर फैसला देने वाले आन्ध्र प्रदेश दिशा अधिनियम 2019 (आन्ध्र प्रदेश आपराधिक कानून संशोधन अधिनियम 2019) को मंजूरी दे दी।
- मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी ने आंध्र विश्वविद्यालय में वर्चुअल पुलिस स्टेशन का उद्घाटन किया**.**
- मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ खजुराहो के शिल्पकला गाँव में अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का उद्घाटन करेंगे.
- हरियाणा पुलिस ने फॉरेंसिक रिपोर्ट में एकत्र नमूनों की सटीक जानकारी हासिल करने के लिए एक नई तकनीक पर आधारित बारकोडिंग सॉफ्टवेयर **"Trakea"** का अनावरण किया है**.**
- मध्य प्रदेश में लोकप्रिय शास्त्रीय संगीत समारोह 'तानसेन सामरोह' की शुरुआत ग्वालियर के हरिकथा और मिलाद गायन के साथ पारंपरिक रूप से की गई.
- मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने मणिपुर के तामेंगलोंग जिले में राज्य स्तरीय संतरा उत्सव का उद्घाटन किया**.**
- ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने राज्य के सभी घरों में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 'जलसाथी' कार्यक्रम शुरू किया है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 'JalSathi' ऐप भी लॉन्च की। ओडिशा जल निगम ने कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए भुवनेश्वर के महिला संघों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए.
- मेघालय विधानसभा में केंद्र सरकार से राज्य में बंगाल ईस्टर्न फ्रंटीयर रेग्युलेशन, 1873 के अंतर्गत इनर लाइन को लागू करने के सरकारी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया है.
- सिक्किम के मुख्यमंत्री ने पूर्वी सिक्किम के रंगपो में सिक्किम इफको ऑर्गेनिक्स लिमिटेड की दो एकीकृत राजस्थान के मुख्यमंत्री ने जयपुर के मालवीय नगर में राज्य के पहले "जनता क्लिनिक" का उद्घाटन किया। इस क्लिनिक की शुरुआत मलिन बस्तियों में रहने वाले लोगों को मुफ्त प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सुविधा देने के लिए की गई है**.**
- आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगनमोहन रेड्डी ने अनंतपुर जिले के धर्मावरम में 'YSR Nethanna Nestham' योजना का शुभारंभ किया। इस योजना के तहत, आंध्र प्रदेश सरकार समूचे राज्य के हथकरघा बुनकरों को सालाना 24,000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करेगी.
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के लखनऊ में लोक भवन में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण किया। इसके अलावा उन्होंने उत्तर प्रदेश की राजधानी में अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय की आधारशिला भी रखी.
- मांडू महोत्सव का पहला संस्करण मांडू, मध्य प्रदेश के सुरम्य किले शहर में शुरू हुआ, यह आयोजन मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा आयोजित किया जाता है**.**
- 11 दिन तक चलने वाली धनु जात्रा पश्चिमी ओडिशा के बरगढ़ में शुरू। धनु जात्रा को दुनिया का सबसे बड़ा ओपन-एयर थिएटर माना जाता है.

## नियुक्ति / इस्तीफे (राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय)

- सोमा रॉय बर्मन ने नए नियंत्रक महालेखाकार (**CGA)** का पदभार ग्रहण कर लिया है. वह इस प्रतिष्ठित पद को धारण करने वाली 24 वीं CGA और सातवीं महिला हैं**.**
- लेफ्टिनेंट जनरल पोडली शंकर राजेश्वर ने अंडमान और निकोबार कमान (CINCAN) के 14 वें कमांडर-इन-चीफ के रूप में पदभार संभाला**.**
- हरि मोहन ने आयुध निर्माणी बोर्ड (ओएफबी) के अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला है। वह सौरभ कुमार का स्थान लेंगे**,** जिन्होंने सेवाओं से वयोवृद्ध हुए हैं.
- एशियाई विकास बैंक (ADB) बोर्ड ने सर्वसम्मति से मात्सुगु असकवा को अपना नया अध्यक्ष चुना है.
- गूगल के सह-संस्थापकों लैरी पेज और सर्गेई ब्रिन ने घोषणा की कि सुंदर पिचाई को अल्फाबेट इंक के सीईओ के रूप में पदोन्नत किया है, उन्होंने घोषणा की है कि वे मूल कंपनी अल्फाबेट के नेतृत्व की भूमिका से हट रहे हैं.

- के विजय कुमार को अमित शाह की अध्यक्षता वाले केंद्रीय गृह मंत्रालय में वरिष्ठ सुरक्षा सलाहकार के रूप में में नियुक्त किया गया है.
- देश के 78 से अधिक समाचार चैनलों के संघ न्यूज ब्रॉडकास्टर्स फेडरेशन (NBF) ने रिपब्लिक टीवी के प्रधान संपादक अर्नब गोस्वामी को अपने गवर्निंग बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में चुना है.
- नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ़ इंडिया लिमिटेड (NSE) ने गिरीश चंद्र चतुर्वेदी को अपना नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। नियुक्ति को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (Sebi) द्वारा मंजूरी दी गई थी.
- सी सुगंधराजाराम को घाना गणराज्य के लिए भारत के अगले उच्चायुक्त के रूप में नियुक्त किया गया है। वह वर्तमान उच्चायुक्त बीरेंद्र सिंह यादव का स्थान लेंगे.
- आइ ए एस अधिकारी रवि मित्तल ने सूचना और प्रसारण मंत्रालय के नए सचिव का कार्यभार संभाला हैं।
- नागालैंड के राज्यपाल आर एन रवि को मेघालय का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है.
- ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने ब्रिटेन में हुए आम चुनावों ऐतिहासिक जीत दर्ज की है, साथ उनकी कंजरवेटिव पार्टी ने संसद में बहुमत के 326 के जादुई आकड़े को पार कर लिया है।
- श्रीधर पात्रा को नेशनल एल्युमीनियम कंपनी लिमिटेड (नाल्को) के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था। वह **NALCO** में वर्तमान निदेशक (वित्त) हैं.
- इंग्लैंड के क्रिकेटर लॉरा एलेक्जेंड्रा मार्श ने संन्यास की घोषणा की.
- केंद्र सरकार ने गुजरात कैडर के एक वरिष्ठ IPS अधिकारी अतुल कर्णवाल को हैदराबाद में सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय स्वास्थ्य अकादमी का निदेशक नियुक्त किया.
- देवेश श्रीवास्तव को जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन इंडिया (जीआईसी) में अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (एमडी) के पद पर उभारा गया है.
- उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति सीवी रामुलु को तेलंगाना के लोकायुक्त के रूप में नियुक्त किया गया है। पूर्व कानून सचिव वी. निरंजन राव को उप लोकायुक्त नियुक्त किया गया है**.**
- क्यूबा में, राष्ट्रपति ने 40 से अधिक वर्षों में मैनुअल मार्रेरो क्रूज़ को देश का पहला प्रधानमंत्री नियुक्त किया है. प्रधानमंत्री के पद को 1976 में तत्कालीन क्रांतिकारी नेता फिदेल कास्त्रो ने हटा दिया था.
- भारतीय मूल की अमेरिकी नागरिक डॉ. मोनिशा घोष को अमेरिकी सरकार के महत्वपूर्ण संघीय संचार आयोग (FCC) की पहली महिला प्रमुख प्रौद्योगिकी अधिकारी नियुक्त किया गया है.
- अपोलो हॉस्पिटल्स ग्रुप की संयुक्त प्रबंध निदेशक संगीता रेड्डी ने वर्ष 2019-20 के लिए भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) के अध्यक्ष का पदभार संभाल लिया हैं। वह संदीप सोमानी का स्थान लेंगी, जो HSIL के वाइस-चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर हैं।
- अमेरिका में भारत के राजदूत एवं वरिष्ठ राजनयिक हर्ष वर्धन श्रृंगला को नया विदेश सचिव नियुक्त किया गया है। वह 29 जनवरी को वर्तमान विदेश सचिव विजय गोखले से पदभार ग्रहण करेंगे.
- निरंजन हीरानंदानी ने देश के उद्योग और व्यापार के सर्वोच्च संगठन भारतीय वाणिज्य एंव उद्योग मंडल (एसोचैम) के नए अध्यक्ष का पदभार संभाला लिया है। वह वेलस्पन ग्रुप के अध्यक्ष बालकृष्ण गोयनका का स्थान लेंगे। निरंजन हीरानंदानी, हीरानंदानी ग्रुप ऑफ़ कंपनीज़ के सह-संस्थापक और प्रबंध निदेशक हैं.
- एस. एस. देशवाल को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (**CRPF**) का "अतिरिक्त" प्रभार दिया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने फैसला लिया कि सीआरपीएफ के सेवारत महानिदेशक (डीजी) आर. आर. भटनागर **31** दिसंबर**, 2019** को सेवानिवृत्त होंगे.
- जनरल मनोज मुकुंद नरवने ने **28** वें सेनाध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला। उन्होंने जनरल बिपिन रावत का स्थान लिया है**,** जो **31** दिसंबर**, 2019** को सेवानिवृत्त हुए थे.

## खेल समाचार

- मर्सिडीज रेसर लुईस हैमिल्टन ने संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में आयोजित अबु धाबी ग्रां प्रि का खिताब अपने नाम कर लिया**.**
- नेपाल के काठमांडू में नवनिर्मित दशरथ स्टेडियम में 13वें दक्षिण एशियाई खेलों (SAG) की औपचारिक शुरुआत की गई। इस समारोह में नेपाल की समृद्ध पारंपरिक विरासत को दर्शाने वाली सांस्कृतिक विरासत की झलक पेश की गई।**.**
- भारत की स्टार पहलवान विनेश फोगट और साक्षी मलिक ने पंजाब के जालंधर में सीनियर कुश्ती राष्ट्रीय चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल किए।
- विश्व डोपिंग एजेंसी (WADA) ने रूस पर 2020 टोक्यो ओलंपिक और 2022 बीजिंग शीतकालीन ओलंपिक सहित विश्व चैम्पियनशिप और अन्य विश्व स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने पर चार साल का प्रतिबंध लगा दिया गया है.
- बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने 2020 की बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान की सौंवी वर्षगाठ को चिह्नित करने के लिए बंगबंधु बांग्लादेश प्रीमियर लीग (BBPL) टी20 क्रिकेट चैंपियनशिप के विशेष संस्करण का उद्घाटन किया.
- भारत के नन्हे शतरंज खिलाड़ी आर प्रग्ग्नानान्द ने लंदन में आयोजित लंदन चेस क्लासिक का FIDE ओपन खिताब जीत लिया है। उन्होंने नौ राउंड में से 7.5 अंकों के साथ टूर्नामेंट जीता.
- अनुभवी सलामी बल्लेबाज वसीम जाफर 150 रणजी मैच खेलने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बन गए हैं।जाफर ने 253 प्रथम श्रेणी मैचों में 51.19 की औसत से 19,147 रन बनाए हैं। उन्होंने 314 के सर्वधिक स्कोर के साथ 57 शतक और 88 अर्द्धशतक बनाए हैं।
- अभिनेता सुनील शेट्टी को राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (NADA) का ब्रांड एंबेसडर चुना गया है.
- नेपाल में 13वें दक्षिण एशियाई खेलों का समापन हो गया । भारत इन खेलो में 174 स्वर्ण, 93 रजत और 45 कांस्य सहित 312 पदकों के साथ शीर्ष पर रहा**.**
- भारतीय मैच रेफरी जी. एस लक्ष्मी पुरुषों के एकदिवसीय मैंचो में पहली महिला मैच रेफरी बनने के लिए तैयार है.

- इंटरनेशनल हॉकी फेडरेशन ने स्विट्जरलैंड के लुसाने में 2020 के लिए एक नए विश्व रैंकिंग सिस्टम की घोषणा की है.
- या रैंकिंग सिस्टम 1 जनवरी 2020 से लागू होगा। नए रैंकिंग सिस्टम के अंतर्गत अब अंकों का कैलकुलेशन टूर्नामेंट-आधारित न हो कर मैच-आधारित किया जायेगा.
- स्पेनिश क्लब फुटबॉल "ला लीगा" के शीर्ष स्तर ने क्रिकेटर रोहित शर्मा को भारत में अपना ब्रांड एंबेसडर घोषित किया है.
- भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना का नाम इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की एकदिवसीय और टी 20 टीमों में शामिल किया गया। उनके के साथ एकदिवसीय टीम में झूलन गोस्वामी, पूनम यादव और शिखा पांडे को शामिल किया गया हैं और ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा की टी 20 टीम में जगह दी गई हैं.
- भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम साल के अंत में जारी फीफा रैंकिंग में 108वें स्थान पर बनी हुई है**.**
- भारतीय वेटलिफ्टर मीराबाई चानू ने दोहा के 6 वें कतर इंटरनेशनल कप में भारोत्तोलन प्रतियोगिता के 49 किलो ग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर भारत का खाता खोलने खोला हैं**.**
- फीफा विश्व रैंकिंग में शीर्ष पायदान पर मौजूद बेल्जियम को सफल वर्ष समाप्ति के बाद लगातार दूसरी बार फीफा 'टीम ऑफ द ईयर' चुना गया.
- अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) ने क्रिकेट के जरिए महिलाओं और लड़कियों को सशक्त बनाने के लिए महिला T20 विश्व कप 2020 के माध्यम से यूनिसेफ के साथ अपनी साझेदारी जारी रखने की घोषणा की है.
- भारत के मीराबा लुवांग ने ढाका के बांग्लादेश जूनियर इंटरनेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट 2019 में पुरूषों का सिंगल्स खिताब अपने नाम कर लिया है।
- दक्षिण अफ्रीकी ऑलराउंडर वर्नोन फिलैंडर ने इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला खेलने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से सन्यास लेने की घोषणा की हैं.
- पूर्व भारतीय कप्तान और विकेटकीपर बल्लेबाज एमएस धोनी को ऑस्ट्रेलिया की इस दशक की वनडे टीम क्रिकेट का कप्तान बनाया गया और धोनी सहित तीन भारतीय खिलाड़ियों को जगह दी गई हैं। धोनी के अलावा विराट कोहली और रोहित शर्मा ने सीए की टीम में रखा गया है.
- भारतीय टेनिस स्टार खिलाड़ी लियेंडर पेस ने 2020 में व्यावसायिक खेल से संन्यास लेने की घोषणा कर दी हैं.
- अभिनव लोहान ने कर्नाटक टूरिज्म द्वारा आयोजित बेंगलुरु ओपन गोल्फ चैंपियनशिप 2019 खिताब अपने नाम किया है.
- भारतीय कप्तान विराट कोहली को चार अन्य खिलाड़ियों के साथ इस दशक की विजडन क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों की सूची में शामिल किया है। कोहली यकीनन पिछले एक दशक में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं, क्योंकि उन्होंने पिछले 10 वर्षों में किसी भी खिलाड़ी की तुलना में सर्वधिक 5,775 अंतरराष्ट्रीय रन बनाए हैं । कोहली के अलावा दक्षिण अफ्रीका के डेल स्टेन और एबी डिवियर्स, आस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ भी इस सूची शामिल हैं.
- भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरु हम्पी ने रूस के मास्को में चल रही वर्ल्ड विमेंस रैपिड चेस चैंपियनशिप अपने नाम कर ली हैं। उन्होंने चीन की लेई टिंगजी को टाईब्रेकर में हराकर यह खिताब जीता। 12वें दौर के बाद हम्पी और टिंगजी के नौ-नौ अंक थे, इसलिए आर्मेगेडोन गेम से विजेता का फैसला हुआ
- भारतीय ओलंपिक संघ (IOA) ने बर्मिंघम में आयोजित होने वाले 2022 के राष्ट्रमंडल खेलों के बहिष्कार का निर्णय वापस ले लिया है। यह निर्णय नई दिल्ली में आयोजित ओलंपिक संघ की वार्षिक बैठक के दौरान लिया गया।
- असम के मुख्यमंत्री ने गुवाहाटी में खेलो इंडिया युवा खेलों की मशाल रैली का शुभारंभ किया। इस टूर्नामेंट का तीसरा संस्करण जनवरी **2020** में आयोजित किया जाएगा.
- भारत के कप्तान विराट कोहली और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इस दशक में विजडन की टी **20** अंतर्राष्ट्रीय टीम में एकमात्र भारतीय थे**.** ऑस्ट्रेलिया के सीमित ओवरों के कप्तान आरोन फिंच को दशक की विजडन टी 20 अंतर्राष्ट्रीय टीम का कप्तान बनाया गया.
- ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज पीटर सिडल ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। उन्होंने 11 साल के अपने करियर में ऑस्ट्रेलिया के लिए 67 टेस्ट, 20 वनडे और 2 ट्वेंटी 20 मैचों में प्रदर्शन किया.

## महत्वपूर्ण दिन

- विश्व एड्स दिवस**,** हर साल **01** दिसंबर को मनाया जाता है. विश्व एड्स दिवस एक अंतरराष्ट्रीय दिवस है जो एचआईवी संक्रमण के प्रसार और बीमारी से मरने वालों के शोक के कारण एड्स महामारी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए समर्पित है.
- संयुक्त राष्ट्र हर साल दो दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय गुलामी उन्मूलन दिवस के रूप में मनाता है.
- अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस हर साल **3** दिसंबर को मनाया जाता है। यह दिन समाज और विकास के सभी क्षेत्रों में दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों और कल्याण को बढ़ावा देने और जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय - प्रोमोटिंग द पार्टिसिपेशन ऑफ़ पर्सन्स विथ डिसेबिलिटी एंड दियर लीडरशिप : टेकिंग एक्शन ओन द **2030** डेवलपमेंट एजेंडा हैं।
- अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस (इंटरनेशनल वालंटियर डे) विश्व स्तर पर हर साल 5 दिसंबर को मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय "वालंटियर फॉर एन इंक्लूसिव फ्यूचर" है**.**
- वर्ल्ड सॉइल डे अर्थात विश्व मिट्टी दिवस प्रत्येक वर्ष **5** दिसंबर को इटली के रोम में स्थित संयुक्त राष्ट्र (**FAO**) के खाद्य एवं कृषि संगठन द्वारा मनाया जाता है.
- संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 7 दिसंबर को विश्व स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय नागरिक विमानन दिवस के रूप मनाए जाने मान्यता दी हैं। अंतर्राष्ट्रीय नागरिक विमानन दिवस की 1994 में ICAO के तहत संरचना की गई थी**.** इस वर्ष नागरिक विमानन दिवस का विषय "**75** इयर्स ओद कनेक्टिंग द वर्ल्ड" है।

- मानवाधिकार दिवस हर साल **10** दिसंबर को मनाया जाता है। यह दिवस **10** दिसंबर**, 1948** को अस्तित्व में आया, जब संयुक्त राष्ट्र द्वारा मानव अधिकारों को विश्व स्तर अपनाए जाने की घोषणा की थी. इस वर्ष का विषय "यूथ स्टैंड अप फॉर ह्यूमन राईट" हैं**.**
- संयुक्त राष्ट्र महासभा ने **9** दिसंबर को नरसंहार अपराध के पीड़ितों की याद और इसकी रोकथाम के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस **(International Day of Commemoration and Dignity of the Victims of the Crime of Genocide and of the Prevention of this Crime)** के रूप में चिन्हित किया हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने **9** दिसंबर**, 1948** को नरसंहार अपराध ("नरसंहार सम्मेलन") की रोकथाम और सजा के प्रस्ताव पर प्रत्येक वर्ष नरसंहार सम्मेलन आयोजित करने की शुरुआत की थी.
